# त्रि – विमीयज्यामिति

## Ex 14.1

**प्रश्न 1. एक रेखा के दिक्-कोसाइन ज्ञात कीजिए जो निर्देशाक्षों के साथ समान कोण बनाती हैं।**

**हल :** माना रेखा निर्देशांक्षों के साथ समान कोण θ बनाती है। अतः दिक्-कोसाइन

$l = \cos\theta, m = \cos\theta, n = \cos\theta$

परन्तु

$l^2 + m^2 + n^2 = 1$

$\Rightarrow \cos^2\theta + \cos^2\theta + \cos^2\theta = 1$

$\Rightarrow 3\cos^2\theta = 1$

$$\Rightarrow \quad \cos^2\theta = \frac{1}{3}$$

$$\Rightarrow \quad \cos^2\theta = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$$

$$\therefore \quad l = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$$

$$m = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$$

$$n = \pm\frac{1}{\sqrt{3}}$$

**प्रश्न 2. दो बिन्दुओं (4, 2, 3) तथा (4, 5, 7) को मिलाने वाली सरल रेखा की दिक्-कोज्याएँ ज्ञात कीजिए।**

**हल :** बिन्दुओं P(x1, y1, z1) तथा Q(x2, y2, z2) को मिलाने वाली रेखा के दिक्-कोसाइन

$$\frac{x_2 - x_1}{PQ}, \frac{y_2 - y_1}{PQ}, \frac{z_2 - z_1}{PQ}$$

जहाँ $PQ = \sqrt{(x_2 - x_1)^2 + (y_2 - y_1)^2 + (z_2 - z_1)^2}$

प्रश्नानुसार $x_1 = 4, y_1 = 2, z_1 = 3$

$x_2 = 4, y_2 = 5, z_2 = 7$

$$\therefore \quad PQ = \sqrt{(4-4)^2 + (5-2)^2 + (7-3)^2}$$

$$= \sqrt{0 + 9 + 16}$$

$$= \sqrt{25}$$

$$= 5$$

∴ बिन्दुओं (4, 2, 3) और (4, 5, 7) को मिलाने वाली रेखा के

दिक्-कोज्याएँ $\frac{4-4}{5}, \frac{5-2}{5}, \frac{7-3}{5}$ या $0, \frac{3}{5}, \frac{4}{5}$ हैं।

**प्रश्न 3. यदि एक रेखा के दिक्-अनुपात 2, -1, -2 हैं, तो इसकी दिक्-कोज्याएँ ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दिया है : a = 2, b = -1, c = -2

माना रेखा के दिक्-कोसाइन l, m और n हैं तो

$$l = \frac{\pm a}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}}, \; m = \frac{\pm b}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}}$$

तथा $$n = \frac{\pm c}{\sqrt{a^2+b^2+c^2}}$$

अतः $$l = \frac{\pm 2}{\sqrt{(2)^2+(-1)^2+(-2)^2}}$$

$$= \frac{\pm 2}{\sqrt{4+1+4}}$$

$$= \frac{\pm 2}{\sqrt{9}} = \frac{\pm 2}{\pm 3} = \frac{2}{3}$$

$\therefore$ $$m = \frac{\mp 1}{\pm 3} = -\frac{1}{3}$$

$$n = \frac{\mp 2}{\pm 3} = \frac{-2}{3}$$

**प्रश्न 4. एक सदिश $\vec{r}$, X, Y तथा Z-अक्षों के साथ क्रमशः 45°, 60°, 120° के कोण बनाता है। यदि सदिश $\vec{r}$ का परिमाण 2 इकाई है तो $\vec{r}$ ज्ञात कीजिए।**

**हल :**

$$\because \frac{\vec{r}}{|\vec{r}|} = l\hat{i} + m\hat{j} + n\hat{k}$$

दिया है : $|\vec{r}| = 2$

तथा $\alpha = 45°, \beta = 60°, \gamma = 120°$

$$\vec{r} = 2[\cos 45° \,\hat{i} + \cos 60° \,\hat{j} + \cos 120° \,\hat{k}]$$

$$\Rightarrow \vec{r} = 2\left[\frac{1}{\sqrt{2}}\hat{i} + \frac{1}{2}\hat{j} - \frac{1}{2}\hat{k}\right]$$

$$\Rightarrow \vec{r} = \frac{2}{2}[\sqrt{2}\,\hat{i} + \hat{j} - \hat{k}]$$

$$= \sqrt{2}\,\hat{i} + \hat{j} - \hat{k}$$

# Ex 14.2

**प्रश्न 1. बिन्दु (5, 7, 9) से गुजरने गली उन सरल रेखाओं के समीकरण ज्ञात कीजिए जो निम्न अक्षों के समान्तर है :**

**(i) X-अक्ष**

**(ii) Y-अक्ष**

**(iii) Z-अक्ष**

**हल :** बिन्दु A(5, 7, 9) स्थिति सदिश

$\vec{r_1} = 5\hat{i} + 7\hat{j} + 9\hat{k}$

**(i)** X-अक्ष के समान्तर जाने वाली रेखा बिंदु B(1, 0, 0) से गुजरती है, अत: बिंदु B का स्थिति सदिश

$\vec{r_2} = (\hat{i} + 0\hat{j} + 0\hat{k})$

अत: वाँछित रेखा का समीकरण समीकरण

$\vec{r} = \vec{r_1} + \lambda \vec{r_2}$

$\vec{r} = (5\hat{i} + 7\hat{j} + 9\hat{k}) + l(\hat{i} + 0.\hat{j} + 0.\hat{k})$

$\vec{r} = (5 + \lambda)\hat{i} + 7\hat{j} + 9\hat{k}$

दी गई रेखा का कार्तीय समीकरण माना xi + yj + zk है अतः

$x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = (5 + \lambda)\hat{i} + 7\hat{j} + 9\hat{k}$

तुलना करने पर,

$$\frac{x-5}{1} = \frac{y-7}{0} = \frac{z-9}{0} = \lambda$$

अत: रेखा का वांछित समी.

$$\frac{x-5}{1} = \frac{y-7}{0} = \frac{z-9}{0}$$

**(ii)** Y-अक्ष के समान्तर रेखा बिंदु (0, 1, 0) से गुजरती है। अतः बिंदु B की स्थिति सदिश

$\vec{r_2} = 0.\hat{i} + 1.\hat{j} + 0.\hat{k}$

अतः वांछित रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{r_1} + \lambda \vec{r_2}$$

$$\vec{r} = (5\hat{i} + 7\hat{j} + 9\hat{k}) + 1\,(0.\hat{i} + 1.\hat{j} + 0.\hat{k})$$

$$\vec{r} = 5\hat{i} + (7+1)\hat{j} + 9\hat{k}$$

**कार्तीय समीरकण**—माना $x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$ है तो

$$x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = 5\hat{i} + (7+1)\hat{j} + 9\hat{k}$$

तुलना करने पर, $x = 5, y = 7 + \lambda, z = 9$

अर्थात् $\quad \dfrac{x-5}{0} = \dfrac{y-7}{1} = \dfrac{z-9}{0} = \lambda$

∴ रेखा का समीकरण

$$\frac{x-5}{0} = \frac{y-7}{1} = \frac{z-9}{0}$$

**(iii)** Z-अक्ष के समान्तर रेखा बिंदु (0, 0, 1) से गुरजती है। अत: बिंदु C का सदिश

$$= 0.\hat{i} + 1.\hat{j} + 1.\hat{k}$$

अत: वांछित रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{r_1} + \lambda \vec{r_2}$$

$$\vec{r} = (5\hat{i} + 7\hat{j} + 9\hat{k}) + \lambda\,(0.\hat{i} + 0.\hat{j} + 1.\hat{k})$$

$$\vec{r} = 5\hat{i} + 7\hat{j} + (9+\lambda)\hat{k}$$

**कार्तीय समीकरण**—माना $x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$ है तो

$$x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = 5\hat{i} + 7\hat{j} + (9+\lambda)\hat{k}$$

तुलना करने पर, $x = 5, y = 7, z = 9 + 1$

अर्थात् $\quad \dfrac{x-5}{0} = \dfrac{y-7}{0} = \dfrac{z-9}{1} = \lambda$

∴ वांछित समीकरण $\dfrac{x-5}{0} = \dfrac{y-7}{0} = \dfrac{z-9}{1}$

**प्रश्न 2. सरल रेखा को सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो एक बिन्दु जिसका स्थिति सदिश**

$2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}$

**है, से गुजरती है तथा सदिश**

$3\hat{i}+4\hat{j}-5\hat{k}$

**के समान्तर है। इसका कार्तीय रूप में रूपान्तरण भी ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दिये गये बिंदु का स्थिति सदिश

$2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}$ है।

$\therefore \quad \vec{a} = 2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}$

दिया गया सदिश $\vec{b} = 3\hat{i}+4\hat{j}-5\hat{k}$

$\therefore$ दिये गये बिंदु सदिश $2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k}$ से गुजरने वाली सदिश $\vec{b} = 3\hat{i}+4\hat{j}-5\hat{k}$ के समान्तर रेखा का समीकरण,

$$\vec{r} = \vec{a}+\lambda\vec{b}$$

$$\Rightarrow \quad \vec{r} = (2\hat{i}-3\hat{j}+4\hat{k})+\lambda(3\hat{i}+4\hat{j}-5\hat{k})$$

$$= (2+3\lambda)\hat{i}+(-3+4\lambda)\hat{j}+(4-5\lambda)\hat{k}$$

पुन: माना कार्तीय समीकरण $xi + yj + zk$ है तो

$$x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k} = (2+3\lambda)\hat{i}+(-3+4\lambda)\hat{j}+(4-5\lambda)\hat{k}$$

तुलना करने पर, $x = 2 + 3\lambda$, $y = -3 + 4\lambda$, $z = 4 - 5\lambda$

$$\Rightarrow \quad \frac{x-2}{3} = \frac{y+3}{4} = \frac{z-4}{-5} = \lambda$$

$$\Rightarrow \quad \frac{x-2}{3} = \frac{y+3}{4} = \frac{z-4}{-5}$$

**प्रश्न 3. सरल रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो संदेश**

$2\hat{i}-\hat{j}+3\hat{k}$

**के समान्तर है और बिन्दु (5,-2, 4) से गुजरती है।**

**हल :** चूँकि रेखा बिंदु (5,-2, 4) से गुजरती है।

∴ बिंदु (5,-2, 4) का स्थिति सदिश

$$\vec{a} = 5\hat{i} - 2\hat{j} + 4\hat{k}$$

**दिया गया सदिश**

$$\vec{b} = 2\hat{i} - \hat{j} + 3\hat{k}$$

**∴ बिंदु (5, −2, 4) से जाने वाली तथा सदिश $\vec{b} = 2\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}$**

**के समान्तर रेखा का समीकरण**

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda\vec{b}$$

$$\vec{r} = (5\hat{i} - 2\hat{j} + 4\hat{k}) + \lambda(2\hat{i} - \hat{j} + 3\hat{k})$$

**प्रश्न 4. उस रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिन्दु (2,-1, 1) से गुजरती है तथा रेखा**

$$\frac{x-3}{2} = \frac{y+1}{7} = \frac{z-2}{-3}$$

**के समान्तर है।**

**हल :** दी गई रेखा

$$\frac{x-3}{2} = \frac{y+1}{7} = \frac{z-2}{-3}$$

के समान्तर बिंदु (2, − 1, 1) से गुजरने वाली रेखा का समीकरण

$$\frac{x-2}{2} = \frac{y+1}{7} = \frac{z-1}{-3}$$

क्योंकि दोनों समान्तर रेखाओं के दिक्-अनुपात एक ही होते हैं।

**अतः बिंदु $A(2, -1, 1)$ से गुजरने वाली सदिश $\vec{m} = 2\hat{i} + 7\hat{j} - 3\hat{k}$**

**के समान्तर रेखा के समीकरण के लिये $A$ का स्थिति सदिश**

$$\vec{a} = 2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$$

∴ वांछित रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda\vec{m}$$

$$= (2\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}) + \lambda(2\hat{i} + 7\hat{j} - 3\hat{k})$$

**प्रश्न 5. एक रेखा का कार्तीय समीकरण**

$$\frac{x-5}{3} = \frac{y+4}{7} = \frac{z-6}{2}$$

**है, इसका सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** रेखा

$$\frac{x-5}{3} = \frac{y+4}{7} = \frac{z-6}{2}$$

बिन्दु (5, -4, 6) से होकर जाती है।

$$\therefore \quad \vec{a} = 5\hat{i} - 4\hat{j} + 6\hat{k}$$

दी हुई रेखा के दिक्-अनुपात 3, 7, 2 हैं।

$$\therefore \quad \vec{b} = 3\hat{i} + 7\hat{j} + 2\hat{k}$$

अतः अभीष्ट रेखा का समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda \vec{b}$$

$$\text{या} \quad \vec{r} = (5\hat{i} - 4\hat{j} + 6\hat{k}) + \lambda(3\hat{i} + 7\hat{j} + 2\hat{k})$$

**प्रश्न 6. उस रेखा का कार्तीय समीकरण ज्ञात कीजिए जो (1,2,3) से जाती है तथा**

$$\frac{-x-2}{1} = \frac{y+3}{7} = \frac{2z-6}{3}$$

**हल :** माना रेखा बिंदु (x1, y1, z1) से गुजरती है और उसके दिक्अनुपात a, b, c हैं तो रेखा का समीकरण

$$\frac{x-x_1}{a} = \frac{y-y_1}{b} = \frac{z-z_1}{c}$$

यहाँ पर रेखा बिंदु (1, 2, 3) से गुजरती है तथा रेखा

$$\frac{x-2}{-1} = \frac{y+3}{7} = \frac{2z-6}{3}$$

के समान्तर है।।

अत: रेखा के दिक्-अनुपात

$$\frac{x-2}{-1} = \frac{y+3}{7} = \frac{z-3}{3/2}$$

से -1,7 या -2, 14, 3 होंगे।

अतः वांछित रेखा का समीकरण,

$$\frac{x-1}{-2}=\frac{y-2}{14}=\frac{z-3}{3}$$

**प्रश्न 7. समान्तर चतुर्भुज ABCD के तीन शीर्षों के निर्देशांक A(4, 5, 10), B(2, 3, 4) और C(1,2,-1) हैं। AB और BC के सदिश और कार्तीय समीकरण ज्ञात कीजिए। D के निर्देशांक भी ज्ञात कीजिए।**

**हल :** माना मूलबिन्दु O है।

∴ बिन्दुओं A, B, C तथा D के स्थिति सदिश

$$\overrightarrow{OA}=\vec{a}=4\hat{i}+5\hat{j}+10\hat{k}$$
$$\overrightarrow{OB}=\vec{b}=2\hat{i}+3\hat{j}+4\hat{k}$$
$$\overrightarrow{OC}=\vec{c}=\hat{i}+2\hat{j}-\hat{k}$$

**(i)** यदि भुजा AB पर कोई बिन्दु P(x, y, z) तथा इसका स्थिति सदिश $\vec{r}$ हो तब भुजा AB का सदिश समीकरण

$$\vec{r}=\vec{a}+\lambda(\vec{b}-\vec{a}) \quad (\because \vec{r}=x\hat{i}+y\hat{j}+z\hat{k})$$
$$\therefore \vec{r}=4\hat{i}+5\hat{j}+10\hat{k}+\lambda\{2\hat{i}+3\hat{j}+4\hat{k}-(4\hat{i}+5\hat{j}+10\hat{k})\}$$
$$\Rightarrow \vec{r}=4\hat{i}+5\hat{j}+10\hat{k}+\lambda(-2\hat{i}-2\hat{j}-6\hat{k}) \quad ...(1)$$

भुजा AB के कार्तीय समीकरण के लिए,

समीकरण (1) में $\vec{r} = x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$ रखने पर,

$$x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = 4\hat{i} + 5\hat{j} + 10\hat{k} + \lambda(-2\hat{i} - 2\hat{j} - 6\hat{k})$$

$$\Rightarrow x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = (4 - 2\lambda)\hat{i} + (5 - 2\lambda)\hat{j} + (10 - 6\lambda)\hat{k}$$

दोनों पक्षों में $\hat{i}$, $\hat{j}$ तथा $\hat{k}$ के गुणांकों की तुलना करने पर,

$$x = 4 - 2\lambda, y = 5 - 2\lambda, z = 10 - 6\lambda$$

$$\Rightarrow \frac{x-4}{-2} = \lambda, \frac{y-5}{-2} = \lambda, \frac{z-10}{-6} = \lambda$$

$$\Rightarrow \frac{x-4}{-2} = \frac{y-5}{-2} = \frac{z-10}{-6} = \lambda$$

$$\Rightarrow \frac{x-4}{1} = \frac{y-5}{1} = \frac{z-10}{3}$$

जो भुजा $AB$ का कार्तीय समीकरण है।

> **ध्यान दें :** चूँकि रेखा $AB$ बिन्दुओं $A(4, 5, 10)$ तथा $B(2, 3, 4)$ से जाती है।
>
> $\therefore$ $A$ तथा $B$ के स्थिति सदिश क्रमशः $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ हैं।
>
> तब $\vec{a} = 4\hat{i} + 5\hat{j} + 10\hat{k}$
>
> तथा $\vec{b} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k}$
>
> तब $AB$ का सदिश समीकरण
>
> $$\vec{r} = \vec{a} + \lambda(\vec{b} - \vec{a})$$

**(ii)** भुजा BC के लिए,

रेखा BC बिन्दुओं B(2, 3, 4) तथा C(1, 2, − 1) से जाती है।

$$= \vec{b} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k}$$

बिन्दु $C$ का स्थिति सदिश = $\vec{c} = \hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k}$

$\therefore$ भुजा (रेखा) $BC$ का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{b} + \lambda(\vec{c} - \vec{b})$$

$$\Rightarrow \vec{r} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k} + \mu\{\hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k} - (2\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k})\}$$

$$\Rightarrow \vec{r} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k} + \mu(-\hat{i} - \hat{j} - 5\hat{k}) \quad ...(2)$$

जो BC का सदिश समीकरण है।

भुजा BC के कार्तीय समीकरण के लिए,

माना भुजा BC पर कोई बिन्दु Q(x, y, z) है जिसका स्थिति सदिश

$\vec{r}$ है, तब $\vec{r} = x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$

$\vec{r}$ का मान समीकरण (2) में रखने पर,

$$x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + 4\hat{k} + \mu(-\hat{i} - \hat{j} - 5\hat{k})$$

$$\Rightarrow x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = (2-\mu)\hat{i} + (3-\mu)\hat{j} + (4-5\mu)\hat{k}$$

दोनों पक्षों में $\hat{i}$, $\hat{j}$ तथा $\hat{k}$ के गुणांकों की तुलना करने पर,

$$x = 2 - \mu, y = 3 - \mu, z = 4 - 5\mu$$

$$\Rightarrow \frac{x-2}{-1} = \mu, \frac{y-3}{-1} = \mu, \frac{z-4}{-5} = \mu$$

$$\Rightarrow \frac{x-2}{1} = \frac{y-3}{1} = \frac{z-4}{5} = \mu$$

या $\frac{x-2}{1} = \frac{y-3}{1} = \frac{z-4}{5}$

भुजा BC को कार्तीय समीकरण है।

**(iii)** बिन्दु D के निर्देशांक के लिए,

माना D के निर्देशांक (x1, y1, z1) हैं।

∵ ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है जिसके विकर्ण AC तथा BD एक-दूसरे को समद्विभाजित करते हैं। अतः AC तथा BD के मध्य-बिन्दु सम्पाती होंगे।

तब $AC$ मध्य-बिन्दु के निर्देशांक

$$= \frac{4+1}{2}, \frac{5+2}{2}, \frac{10-1}{2}$$

$$= \frac{5}{2}, \frac{7}{2}, \frac{9}{2}$$

या $AC$ का मध्य-बिन्दु $P\left(\frac{5}{2}, \frac{7}{2}, \frac{9}{2}\right)$

पुनः $BD$ के मध्य-बिन्दु $Q$ के निर्देशांक

$$= \frac{2+x_1}{2}, \frac{3+y_1}{2}, \frac{4+z_1}{2}$$

या $BD$ का मध्य-बिन्दु

$$Q\left(\frac{2+x_1}{2}, \frac{3+y_1}{2}, \frac{4+z_1}{2}\right)$$

$\because$ $AC$ तथा $BD$ के मध्य-बिन्दु क्रमशः $P$ तथा $Q$ सम्पाती हैं।

$$\therefore \quad \frac{5}{2}=\frac{2+x_1}{2}, \frac{7}{2}=\frac{3+y_1}{2}, \frac{9}{2}=\frac{4+z_1}{2}$$

$$\Rightarrow \quad x_1 = 5-2, \; y_1 = 7-3, \; z_1 = 9-4$$

$$\Rightarrow \quad x_1 = 3, \quad y_1 = 4, \quad z_1 = 5$$

$\therefore$ बिन्दु $(x_1, y_1, z_1) = (3, 4, 5)$

$\therefore$ बिन्दु $D$ के निर्देशांक $(3, 4, 5)$

**प्रश्न 8. एक रेखा का कार्तीय समीकरण 3x + 1 = 6y − 2 = 1 − z है। वह बिन्दु ज्ञात कीजिए जहाँ से यह गुजरती है, साथ ही इसके दिक्-अनुपात तथा सदिश समीकरण भी ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दी गई रेखा का समीकरण

$3x + 1 = 6y - 2 = 1 - z$

या $$3\left(x+\frac{1}{3}\right) = 6\left(y-\frac{1}{3}\right) = 1-z$$

या $$\frac{x+1/3}{1/3} = \frac{y-\frac{1}{3}}{\frac{1}{6}} = \frac{z-1}{-1}$$

अतः रेखा बिंदु $\left(-\frac{1}{3}, \frac{1}{3}, 1\right)$ से गुजरती है।

रेखा के दिक्-अनुपात $\frac{1}{3}, \frac{1}{6}, -1$ हैं अर्थात् 2, 1, − 6 है।

बिंदु $\left(-\frac{1}{3}, \frac{1}{3}, 1\right)$ का स्थिति सदिश

$$\vec{a} = -\frac{1}{3}i + \frac{1}{3}j + k$$

तथा $$\vec{m} = (2i + j - 6k)$$

∴ वांछित रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda \vec{m}$$

$$= \left(-\frac{1}{3}i + \frac{1}{3}j + k\right) + \lambda(2i + j - 6k)$$

**प्रश्न 9. बिन्दु (1, 2, 3) से गुजरने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो सदिश**

$$(3\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

**के समान्तर हैं।**

**हल :**

∵ रेखा यदि

$$3\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k}$$

के समान्तर है।

∴ इसने दिक् अनुपात 3, 2, − 2 होंगे।

चूँकि रेखा 1, 2, 3 से जा रही है। अतः इसका कार्तीय समीकरण

$$\frac{x - x_1}{a} = \frac{y - y_1}{b} = \frac{z - z_1}{c}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{x-1}{3} = \frac{y-2}{2} = \frac{z-3}{-2} \text{ होगा}$$

पुनः बिन्दु (1, 2, 3) से जाने वाली रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda \vec{b}$$

$$\Rightarrow \quad \vec{r} = \hat{i} + 2\hat{j} + 3\hat{k} + \lambda(3\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

**प्रश्न 10.**

**बिन्दु जिसका स्थिति सदिश**

$$2\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}$$

**है, से गुजरने व सदिश**

$$\hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k}$$

**की दिशा में जाने वाली रेखा का सदिश और कार्तीय रूपों में समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** बिन्दु $\vec{a}$ से गुजरने वाली रेखा का जो सदिश $\vec{b}$ की दिशा में है, समीकरण,

में है, समीकरण, $\vec{r} = \vec{a} + \lambda \vec{b}$

यहाँ $\vec{a} = 2\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}$ तथा $\vec{b} = \hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k}$

∴ अभीष्ट रेखा का समीकरण

$$\vec{r} = (2\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}) + \lambda(\hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k}) \quad ...(1)$$

जहाँ λ एक प्राचल है।

कार्तीय रूप में, $\vec{r} = x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k}$ समी. (1) में रखने पर,

$$x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = (2\hat{i} - \hat{j} + 4\hat{k}) + \lambda(\hat{i} + 2\hat{j} - \hat{k})$$

$$\Rightarrow \quad x\hat{i} + y\hat{j} + z\hat{k} = (2 + \lambda)\hat{i} + (-1 + 2\lambda)\hat{j} + (4 - \lambda)\hat{k}$$

$\hat{i}, \hat{j}$ और $\hat{k}$ के गुणांकों की तुलना करने पर,

$$x = 2 + \lambda, \quad y = -1 + 2\lambda, \quad z = 4 - \lambda$$

$$\Rightarrow \quad x - 2 = \lambda, \quad \frac{y+1}{2} = \lambda, \quad \frac{z-4}{-1} = \lambda$$

$$\Rightarrow \quad \frac{x-2}{1} = \frac{y+1}{2} = \frac{z-4}{-1} = \lambda$$

अत: अभीष्ट रेखा का समीकरण

$$\frac{x-2}{1} = \frac{y+1}{2} = \frac{z-4}{-1}$$

**प्रश्न 11. उस रेखा का कार्तीय समीकरण ज्ञात कीजिए जो बिन्दु (-2, 4,-5) से जाती है और**

$$\frac{x+3}{3} = \frac{y-4}{5} = \frac{z+8}{6}$$

**के समान्तर हैं|**

**हल :** माना रेखा बिन्दु (x1, y1, z1) से गुजरती है और उसके दिक्-अनुपात a, b, c हैं, तो रेखा का समीकरण

$$\frac{x-x_1}{a} = \frac{y-y_1}{b} = \frac{z-z_1}{c}$$

यहाँ पर रेखा (-2, 4, 5) से जाती है तथा

$$\frac{x+3}{3}=\frac{y-4}{5}=\frac{z+8}{6}$$

के समान्तर है।

अतः रेखा के दिक्-अनुपात : 3, 5, 6.

अभीष्ट रेखा का समीकरण

$$\frac{x+2}{3}=\frac{y-4}{5}=\frac{z+5}{6}$$

**प्रश्न 12.**

**एक रेखा का कार्तीय समीकरण**

$$\frac{x-5}{3}=\frac{y+4}{7}=\frac{z-6}{z}$$

**इसका सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :**

कातीय समीकरण

$$\frac{x-x_1}{a}=\frac{y-y_1}{b}=\frac{z-z_1}{c}$$

से प्रदर्शित रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = (x_1\hat{i}+y_1\hat{j}+z_1\hat{k}) + \lambda(a\hat{i}+b\hat{j}+c\hat{k})$$

मान रखने पर।

$$\vec{r} = (5\hat{i}-4\hat{j}+6\hat{k}) + \lambda(3\hat{i}+7\hat{j}+2\hat{k})$$

**प्रश्न 13. भूल बिन्दु और (5,-2, 3) से जाने वाली रेखा का सदिश तथा कार्तीय रूपों में समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** मूल बिन्दु O(0, 0, 0) का स्थिति सदिश $\vec{a} = \vec{0}$ तथा बिन्दु (5, − 2, 3) का स्थिति सदिश समीकरण

$$\vec{b} = 5\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k}$$

∴ बिन्दुओं में $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ से जाने वाली रेखा को सदिश

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda(\vec{b} - \vec{a})$$

$$\Rightarrow \quad \vec{r} = \vec{0} + \lambda(5\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k} - \vec{0})$$

$$\Rightarrow \quad \vec{r} = \lambda(5\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k}).$$

**(ii)** रेखा बिन्दु O(0, 0, 0) से होकर जाती है तथा इसके दिक्-अनुपात 5, − 2, 3 हैं।

∴ रेखा का कार्तीय समीकरण

$$\frac{x - x_1}{a} = \frac{y - y_1}{b} = \frac{z - z_1}{c}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{x - 0}{5} = \frac{y - 0}{-2} = \frac{z - 0}{3}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{x}{5} = \frac{y}{-2} = \frac{z}{3}$$

**प्रश्न 14. बिन्दुओं (3, -2, − 5) और (3, -2, 6) से गुजरने वाली रेखा का सदिश तथा कार्तीय रूपों में समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :** माना रेखा बिन्दु A(3, -2, -5) तथा B(3, -2, 6) से जाती है। तब बिन्दु A(3, -2, -5) का स्थिति सदिश

$$\vec{a} = 3\hat{i} - 2\hat{j} - 5\hat{k}$$

तथा बिन्दु B(3, -2, 6) की स्थिति सदिश

$$\vec{b} = 3\hat{i} - 2\hat{j} + 6\hat{k}$$

**(i)** तब रेखा AB का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda(\vec{b} - \vec{a})$$

$$\Rightarrow \quad \vec{r} = 3\hat{i} - 2\hat{j} - 5\hat{k} + \lambda[(3\hat{i} - 2\hat{j} + 6\hat{k}) - (3\hat{i} - 2\hat{j} - 5\hat{k})]$$

$$\Rightarrow \quad \vec{r} = 3\hat{i} - 2\hat{j} - 5\hat{k} + \lambda(3\hat{i} - 3\hat{i} - 2\hat{j} + 2\hat{j} + 6\hat{k} + 5\hat{k})$$

$$\Rightarrow \quad \vec{r} = 3\hat{i} - 2\hat{j} - 5\hat{k} + (11\lambda)\hat{k}$$

**(ii)** रेखा बिन्दुओं A(3,-2,-5) तब B(3,-2, 6) से जाती है।

अतः रेखा AB का कार्तीय समीकरण

$$\frac{x-3}{3-3}=\frac{y+2}{-2+2}=\frac{z+5}{6+5}$$

$\Rightarrow$ $$\frac{x-3}{0}=\frac{y+2}{0}=\frac{z+5}{11}$$

## Ex 14.3

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रेखाओं के मध्य का कोण ज्ञात कीजिए :**

$$\vec{r} = 2\hat{i} - 5\hat{j} + \hat{k} + \lambda(3\hat{i} + 2\hat{j} + 6\hat{k})$$

**और**

$$\vec{r} = 7\hat{i} - 6\hat{j} + \mu(\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k})$$

**हल :** दिया है : प्रथम रेखा

$$\vec{r} = 2\hat{i} - 5\hat{j} + \hat{k} + \lambda(3\hat{i} + 2\hat{j} + 6\hat{k})$$

सदिश $\vec{b_1} = 3\hat{i} + 2\hat{j} + 6\hat{k}$ की दिशा में है।

द्वितीय रेखा $\vec{r} = 7\hat{i} - 6\hat{k} + \mu(\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k})$

सदिश $\vec{b_2} = \hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}$ की दिशा में है।

यदि रेखाओं के बीच का कोण θ हो, तो

$$\cos\theta = \frac{\vec{b_1} \cdot \vec{b_2}}{|\vec{b_1}| \cdot |\vec{b_2}|}$$

$$= \frac{(3\hat{i} + 2\hat{j} + 6\hat{k}) \cdot (\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k})}{|3\hat{i} + 2\hat{j} + 6\hat{k}| \cdot |\hat{i} + 2\hat{j} + 2\hat{k}|}$$

$$= \frac{3 \times 1 + 2 \times 2 + 6 \times 2}{\sqrt{(3)^2 + (2)^2 + (6)^2}\ \sqrt{(1)^2 + (2)^2 + (2)^2}}$$

$$= \frac{3 + 4 + 12}{\sqrt{9 + 4 + 36}\ \sqrt{1 + 4 + 4}}$$

$$= \frac{19}{\sqrt{49}.\sqrt{9}} = \frac{19}{7 \times 3} = \frac{19}{21}.$$

$$\therefore \quad \theta = \cos^{-1}\left(\frac{19}{21}\right).$$

**प्रश्न 2.**

**निम्नलिखित रेखाओं के मध्य का कोण ज्ञात कीजिए :**

$$\frac{x}{2}=\frac{y}{2}=\frac{z}{1} \text{ और } \frac{x-5}{4}=\frac{y-2}{1}=\frac{z-3}{8}$$

**हल :** रेखा

$$\frac{x}{2}=\frac{y}{2}=\frac{z}{1}$$

के दिक्-अनुपात 2, 2, 1 हैं और रेखा

$$\frac{x-5}{4}=\frac{y-2}{1}=\frac{z-3}{8}$$

के दिक्-अनुपात 4, 1, 8 हैं।

∴ a1 = 2, b1 = 2, c1 = 1

a2 = 4, b2 = 1, c2 = 8

यदि दो रेखाओं के बीच का कोण θ हो, तो

$$\cos\theta=\frac{a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2}{\sqrt{a_1^2+b_1^2+c_1^2}.\sqrt{a_2^2+b_2^2+c_2^2}}$$

$$=\frac{2\times4+2\times1+1\times8}{\sqrt{(2)^2+(2)^2+(1)^2}\ \sqrt{(4)^2+(1)^2+(8)^2}}$$

$$=\frac{8+2+8}{\sqrt{4+4+1}.\sqrt{16+1+64}}$$

$$=\frac{18}{\sqrt{9}\ \sqrt{81}}=\frac{18}{3\times9}=\frac{2}{3}$$

$$\therefore\quad \theta=\cos^{-1}\left(\frac{2}{3}\right)$$

**प्रश्न 3. दर्शाइए कि बिन्दुओं (1,-1, 2), (3, 4,-2) से होकर जाने वाली बिंदुओं (0, 3, 2) और (3, 5, 6) से जाने वाली रेखा पर लम्ब है।**

**हल :** बिंदु (1,-1, 2) तथा (3,4,-2) से होकर जाने वाली रेखा का समीकरण

$$\frac{x-1}{3-1}=\frac{y-(-1)}{4-(-1)}=\frac{z-3}{-2-2}$$

$$\Rightarrow\quad \frac{x-1}{2}=\frac{y+1}{5}=\frac{z-2}{-4}$$

अत: $l_1=2, m_1=5, n_1=-4$

बिंदु (0, 3, 2) तथा (3, 5, 6) से जाने वाली रेखा का समीकरण

$$\frac{x-0}{3-0} = \frac{y-3}{5-3} = \frac{z-2}{6-2}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{x}{3} = \frac{y-3}{2} = \frac{z-2}{4}$$

दोनों रेखाएँ परस्पर लम्ब होगी यदि

$$l_1l_2 + m_1m_2 + n_1n_2 = 0$$

$$\Rightarrow \quad 2 \times 3 + 5 \times 2 + (-4) \times (4) = 0$$

$$\Rightarrow \quad 6 + 10 - 16 = 0$$

$$\Rightarrow \quad 0 = 0$$

अतः रेखाएँ परस्पर लम्ब है।

इति सिद्धम्।

**प्रश्न 4.**

**यदि रेखाएँ**

$$\frac{x-1}{-3} = \frac{y-2}{2k} = \frac{z-3}{2}$$

**और**

$$\frac{x-1}{3k} = \frac{y-1}{1} = \frac{z-6}{-5}$$

**परस्पर लंब हो तो k का मान ज्ञात कीजिए।**

**हल :** रेखा

$$\frac{x-1}{-3} = \frac{y-2}{2k} = \frac{z-3}{2}$$

के दिक्-अनुपात

$l_1 = -3$

$m_1 = 2k$

$n_1 = 2$

तथा

$$\frac{x-1}{3k} = \frac{y-1}{1} = \frac{z-6}{-5}$$

के दिक्-अनुपात

$l_2 = 3k$

$m_2 = 1$

$n_2 = -5$

∵ दोनों रेखाएँ परस्पर लम्ब हैं अतः

$\Rightarrow l_1l_2 + m_1m_2 + n_1n_2 = 0$
$\Rightarrow -3 \times 3k + 2k \times 1 + 2 \times -5 = 0$
$\Rightarrow -9k + 2k - 10 = 0$
$\Rightarrow -7k - 10 = 0$
$\Rightarrow k = \frac{-10}{7}$

**प्रश्न 5. बिन्दु (1, 2, – 4) से जाने वाली और दोनों रेखाओं**

$$\frac{x-8}{3} = \frac{y+19}{-16} = \frac{z-10}{7}$$

**और**

$$\frac{x-15}{3} = \frac{y-29}{8} = \frac{z-5}{-5}$$

**पर लम्ब रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।**

**हल :**

माना अभीष्ट रेखा

$$\vec{r} = (\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}) + \lambda(b_1\hat{i}+b_2\hat{j}+b_3\hat{k}) \quad \ldots(1)$$

रेखाएँ $\frac{x-8}{3} = \frac{y+19}{-16} = \frac{z-10}{7}$

और $\vec{r} = \hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda(b_1\hat{i}+b_2\hat{j}+b_3\hat{k})$

आपस में लम्ब हैं।

इन रेखाओं के दिक्-अनुपात 3, – 16, 7 और $b_1, b_2, b_3$ हैं। ये रेखाएँ परस्पर लम्ब हैं, यदि

$$3b_1 - 16b_2 + 7b_3 = 0 \quad \ldots(2)$$

इसी प्रकार रेखा $\frac{x-15}{3} = \frac{y-29}{8} = \frac{z-5}{-5}$ और $\vec{r}$

$= \hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda(b_1\hat{i}+b_2\hat{j}+b_3\hat{k})$ के दिक् अनुपात 3, 8, – 5 और $b_1, b_2, b_3$ हैं। ये परस्पर लम्ब हैं।

$$\therefore \quad 3b_1 + 8b_2 - 5b_3 = 0 \quad \ldots(3)$$

समीकरण (2) व (3) से,

$$\frac{b_1}{80-56} = \frac{b_2}{21+15} = \frac{b_3}{24+48}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{b_1}{24} = \frac{b_2}{36} = \frac{b_3}{72}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{b_1}{2} = \frac{b_2}{3} = \frac{b_3}{6}$$

$b_1, b_2, b_3$ के समानुपाती मान समी. (1) में रखने पर,

$$\vec{r} = \hat{i} + 2\hat{j} - 4\hat{k} + \lambda(2\hat{i} + 3\hat{j} + 6\hat{k})$$

यही अभीष्ट रेखा का समीकरण है।

इस रेखा का सदिश समीकरण

$$\frac{x-1}{2} = \frac{y-2}{2} = \frac{z+4}{6}$$

**प्रश्न 6. उस रेखा का कार्तीय समीकरणे ज्ञात कीजिए जो बिन्दु (-2, 4,-5) से जाती है और**

$$\frac{x+3}{3} = \frac{y-4}{5} = \frac{z+8}{6}$$

**के समांतर है।**

**हल :** माना रेखा बिंदु $(x_1, y_1, z_1)$ से गुजरती है तथा उसके दिक् अनुपात a, b, c हैं तो रेखा का समीकरण

$$\frac{x-x_1}{a} = \frac{y-y_1}{b} = \frac{z-z_1}{c}$$

यहाँ पर रेखा (-2, 4, -5) से जाती है और

$$\frac{x+3}{3} = \frac{y-4}{5} = \frac{z+8}{6}$$

के समान्तर है। अतः रेखा के दिक् अनुपात 3, 5, 6 है।

∴ रेखा का वांछित समीकरण

$$\frac{x+2}{3} = \frac{y-4}{5} = \frac{z+5}{6}$$

# Ex 14.4

**प्रश्न 1. दिखाइए कि रेखाएँ**

$$\frac{x-1}{2}=\frac{y-2}{3}=\frac{z-3}{4}$$

**और**

$$\frac{x-4}{5}=\frac{y-1}{2}=z$$

**परस्पर प्रतिच्छेदी हैं। उनका प्रतिच्छेद बिन्दु ज्ञात कीजिए।**

**हल :** माना

$$\frac{x-1}{2}=\frac{y-2}{3}=\frac{z-3}{4}=r_1$$

पर किसी बिंदु के निर्देशांक $(2r_1 + 1, 3r_1 + 2, 4r + 3)$ हैं।

माना

$$\frac{x-4}{5}=\frac{y-1}{2}=\frac{z-0}{1}=r_2$$

पर किसी बिंदु के निर्देशांक $(5r_2 + 4, 2r_2 + 1, r_2)$ है। दोनों रेखायें परस्पर प्रतिच्छे करती हैं। अतः दोनों बिंदु उभयनिष्ठ होंगे और संपाती होंगे।

$\therefore 2r_1 + 1 = 5r_2 + 4$ ... (1)

$3r_1 + 2 = 2r_2 + 1$ ...(2)

$4r_1 + 3 = r_2$ ...(3)

सपी. (1) और (2),

$2r_1 - 5r_2 = 3$

$3r_1 - 2r_2 = -1$

हल करने पर, $r_1 = -1, r_2 = -1$

$\therefore$ बिदु $(-1, -1, -1)$

स्पष्ट है कि दोनों रेवाएँ प्रतिच्छेद करती है और प्रतिच्छेद बिंदु $(-1, -1, -1)$ है।

**प्रश्न 2. उर्धारित कर निम्न रेखाएँ प्रतिच्छेद है या नहीं**

$$\vec{r}=(\hat{i}-\hat{j})+\lambda(2\hat{i}+\hat{k})$$

**और**

$$\vec{r}=(2\hat{i}-\hat{j})+\mu(\hat{i}+\hat{j}-\hat{k})$$

**हल :** रेखाएँ प्रतिच्छेद करती हैं, अतः

$(i - j) + \lambda(2i + k) = (2i - j) + \mu(i + j - k)$
$(1 + 2\lambda)i - (1 - 0.\lambda)j + \lambda k$
$= (2 + \mu)i - (1 - \mu)j - \mu k$
तुलना करने पर,
$1 + 2\lambda = 2 + \mu$ ...(1)
$1 - 0.\lambda = 1 - \mu$ ...(2)
$\lambda = - \mu$ ...(3)
हल करने पर समी. (2) से,
$1 - \mu = 1$
$\Rightarrow \mu = 0$
$\therefore$ समी. (3) से, $\lambda = 0$
$\lambda$ और $\mu$ के सान समी. (1) में रखने पर
$1 + 2 \times 0 = 2 + 0$
$1 \neq 2$
अतः रेखायें प्रतिच्छेदी नहीं है।

**प्रश्न 3. बिन्दु (2,3,4) से रेखा**
$$\frac{4-x}{2} = \frac{y}{6} = \frac{1-z}{3}$$
**पर डाले गये लम्ब का पाद ज्ञात कीजिए। साथ ही दिए गए बिन्दु से रेखा की लम्बवत् दूरी भी ज्ञात कीजिए।**

**हल :** दी गई रेखा का समीकरण
$$\frac{4-x}{2} = \frac{y}{6} = \frac{1-z}{3}$$
$$\Rightarrow \quad \frac{x-4}{-2} = \frac{y-0}{6} = \frac{z-1}{-3} = 1 \qquad \ldots(1)$$




MN पर किसी बिंदु Q के निर्देशांक
$Q(-2\lambda + 4, 6\lambda + 0, - 3\lambda + 1)$
लम्ब PQ के दिक् अनुपात

$a_1, b_1, c_1 = x_2 - x_1, y_2 - y_1, z_2 - z_1$
$= -2\lambda + 4 - 2, 6\lambda + 0 - 3, -3\lambda + 1 - 4$
$= -2\lambda + 2, 6\lambda - 3, -3\lambda - 3$
रेखा MN के दिक् अनुपात
$a_2, b_2, c_2 = -2, 6, -3$
रेखा (1) व PQ लम्ववत् है।
इसलिए
$a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$
$(-2\lambda + 2)(-2) + (6\lambda - 3)(6) + (-3\lambda - 3)(-3) = 0$
$4\lambda - 4 + 36\lambda - 18 + 9\lambda + 9 = 0$
$49\lambda = 13$
$\lambda = \frac{13}{49}$
λ का मान Q में रखने पर पाद के निर्देशांक

$$Q\left(\frac{170}{49}, \frac{78}{49}, \frac{10}{49}\right)$$

डाले गए लम्ब की लम्बाई PQ

$$= \sqrt{\left(\frac{170}{49} - 2\right)^2 + \left(\frac{78}{49} - 3\right)^2 + \left(\frac{10}{49} - 4\right)^2}$$

$$= \frac{3}{7}\sqrt{101}$$

**प्रश्न 4. बिन्दु (2, 3, 2) से जाने वाले रेखा को सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए जो रेखा $\vec{r} = (-2\hat{i} + 3\hat{j}) + \mu(2\hat{i} - 3\hat{j} + 6\hat{k})$ के समान्तर है। इन रेखाओं के मध्य दूरी भी ज्ञात कीजिए।**

**हल :** रेखा बिंदु (2,3, 2) से गुजरती है।
∴ बिंदु (2, 3, 2) का स्थिति सदिश

$$\vec{a} = 2i + 3j + 2k$$

पुन: रेखा $\vec{r} = -2i + 3j + \mu(2i - 3j + 6k)$ के स्थिति सदिश $\vec{b} = 2i - 3j + 6k$ के समान है।

∴ रेखा का सदिश समीकरण

$$\vec{r} = \vec{a} + \lambda\vec{b}$$

$$= (2i + 3j + 2k) + \lambda[2i - 3j + 6k]$$

रेखाओं के मध्य की दूरी रेखाओं को निम्न प्रकार लिखा जा सकता है।

$$\vec{r} = (-2i + 3j) + \mu(2i - 3j + 6k)$$

$$= \vec{a_1} + \mu \vec{b_1}$$

तथा $\vec{r} = (2i + 3j + 2k) + \lambda(2i - 3j + 6k)$

$$= \vec{a_2} + \lambda \vec{b_2}$$

परन्तु $\vec{b_1} = \vec{b_2} = \vec{b}$ (∵ रेखायें समान्तर हैं)

$$\therefore \vec{b} \times (\vec{a_2} - \vec{a_1}) = (2i - 3j + 6k) \times [2i + 3j + 2k - (-2i + 3j)]$$

$$= (2i - 3j + 6k) \times (4i + 2k)$$

$$\therefore \vec{b} \times (\vec{a_2} - \vec{a_1}) = \begin{vmatrix} i & j & k \\ 2 & -3 & 6 \\ 4 & 0 & 2 \end{vmatrix}$$

$$= i(-6 - 0) - j(4 - 24) + k(0 + 12)$$

$$= -6i + 20j + 12k$$

∴ इनके बीच की दूरी

$$d = \left| \frac{\vec{b} \times (\vec{a_2} - \vec{a_1})}{|\vec{b}|} \right| = \frac{|-6i + 20j + 12k|}{|2i - 3j + 6k|}$$

$$= \frac{\sqrt{(-6)^2 + (20)^2 + (12)^2}}{\sqrt{(2)^2 + (-3)^2 + (6)^2}} = \frac{\sqrt{36 + 400 + 144}}{\sqrt{4 + 9 + 36}}$$

$$= \frac{\sqrt{580}}{\sqrt{49}} = \frac{\sqrt{580}}{7}$$

## Ex 14.5

**प्रश्न 1. रेखाओं**

$$\vec{r} = (\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}) + \lambda(\hat{i} - \hat{j} + \hat{k})$$

**और**

$$\vec{r} = 2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k} + \mu(2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$$

**के मध्य की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।**

हल :

रेखाओं $\vec{r} = \vec{a}_1 + \lambda \vec{b}_1$ और $\vec{r} = \vec{a}_2 + \mu \vec{b}_2$ के बीच की न्यूनतम दूरी

$$d = \left| \frac{(\vec{a}_2 - \vec{a}_1).(\vec{b}_1 \times \vec{b}_2)}{|\vec{b}_1 \times \vec{b}_2|} \right|$$

रेखा $\vec{r} = (\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}) + \lambda(\hat{i} - \hat{j} + \hat{k})$ में

$\vec{a}_1 = \hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}, \ \vec{b}_1 = \hat{i} - \hat{j} + \hat{k}$

तथा रेखा $\vec{r} = 2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k} + \mu(2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$ में

$\vec{a}_2 = 2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k}, \ \vec{b}_2 = 2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k}$

$$\therefore \quad \vec{a}_2 - \vec{a}_1 = (2\hat{i} - \hat{j} - \hat{k}) - (\hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k})$$

$$= \hat{i} - 3\hat{j} - 2\hat{k}$$

$$\vec{b}_1 \times \vec{b}_2 = (\hat{i} - \hat{j} + \hat{k}) \times (2\hat{i} + \hat{j} + 2\hat{k})$$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & -1 & 1 \\ 2 & 1 & 2 \end{vmatrix}$$

$$= \hat{i}(-2-1) - \hat{j}(2-2) + \hat{k}(1+2)$$

$$= -3\hat{i} + 3\hat{k}$$

$$|\vec{b}_1 \times \vec{b}_2| = \sqrt{(-3)^2 + (3)^2}$$

$$= \sqrt{9+9} = \sqrt{18} = 3\sqrt{2}$$

$$\therefore \quad d = \left| \frac{(\hat{i} - 3\hat{j} - 2\hat{k}).(-3\hat{i} + 3\hat{k})}{3\sqrt{2}} \right|$$

$$d = \left| \frac{1 \times (-3) + (-3) \times 0 + (-2) \times 3}{3\sqrt{2}} \right|$$

$$d = \left| \frac{-3 - 0 - 6}{3\sqrt{2}} \right| = \left| \frac{-9}{3\sqrt{2}} \right|$$

$$d = \frac{3}{\sqrt{2}} = \frac{3\sqrt{2}}{2}.$$

**प्रश्न 2.** **रेखाओं**

$$\frac{x+1}{7}=\frac{y+1}{-6}=\frac{z+1}{1} \text{ और } \frac{x-3}{1}=\frac{y-5}{-2}=\frac{z-7}{1}$$

**के मध्य की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।**

**हल** : रेखाओं

$$\frac{x-x_1}{a_1}=\frac{y-y_1}{b_1}=\frac{z-z_1}{c_1} \text{ और } \frac{x-x_2}{a_2}=\frac{y-y_2}{b_2}=\frac{z-z_2}{c_2}$$

के बीच की न्यूनतम दूरी

$$d=\frac{\begin{vmatrix} x_2-x_1 & y_2-y_1 & z_2-z_1 \\ a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \end{vmatrix}}{\sqrt{(b_1c_2-b_2c_1)^2+(c_1a_2-c_2a_1)^2+(a_1b_2-a_2b_1)^2}} \quad \ldots(1)$$

यहाँ $x_1=-1, y_1=-1, z_1=-1$

$x_2=3, y_2=5, z_2=7$

$a_1=7, b_1=-6, c_1=1$

$a_2=1, b_2=-2, c_2=1$

$$\therefore \begin{vmatrix} x_2-x_1 & y_2-y_1 & z_2-z_1 \\ a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \end{vmatrix}$$

$$=\begin{vmatrix} 3+1 & 5+1 & 7+1 \\ 7 & -6 & 1 \\ 1 & -2 & 1 \end{vmatrix}=\begin{vmatrix} 4 & 6 & 8 \\ 7 & -6 & 1 \\ 1 & -2 & 1 \end{vmatrix}$$

$$=4(-6+2)-6(7-1)+8(-14+6)$$

$$=4\times(-4)-6\times 6+8\times(-8)$$

$$=-16-36-64=-116$$

$$\sqrt{(b_1c_2-b_2c_1)^2+(c_1a_2-c_2a_1)^2+(a_1b_2-a_2b_1)^2}$$

$$=\sqrt{(-6+2)^2+(1-7)^2+(-14+6)^2}$$

$$=\sqrt{(-4)^2+(-6)^2+(-8)^2}$$

$$=\sqrt{16+36+64}=\sqrt{116}$$

$$\therefore \quad d=\left|\frac{-116}{\sqrt{116}}\right|=\sqrt{116}=2\sqrt{29}.$$

**प्रश्न 3. रेखाएँ, जिनके सदिश समीकरण निम्नलिखित है, के मध्य की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए**

$$\vec{r} = (\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})+\lambda(\hat{i}-3\hat{j}+2\hat{k})$$

**और**

$$\vec{r} = 4\hat{i}+5\hat{j}+6\hat{k}+\mu(2\hat{i}+3\hat{j}+\hat{k}).$$

**हल** : रेखाएँओं

$$\vec{r} = \vec{a_1} + \lambda \vec{b_1}$$

और $\vec{r} = \vec{a_2}+\mu\vec{b_2}$ से रेखाओं

$$\vec{r} = (\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})+\lambda(\hat{i}-3\hat{j}+2\hat{k})$$

और $\vec{r} = (4\hat{i}+5\hat{j}+6\hat{k}) + \mu(2\hat{i}+3\hat{j}+\hat{k})$

की तुलना करने पर,

$$a_1 = \hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}$$

$$b_1 = \hat{i}-3\hat{j}+2\hat{k}$$

$$a_2 = 4\hat{i}+5\hat{j}+6\hat{k}$$

$$b_2 = 2\hat{i}+3\hat{j}+\hat{k}$$

रेखाओं $\vec{r} = \hat{a_1}+\lambda\hat{b_1}$ और $\vec{r} = \hat{a_2}+\mu\hat{b_2}$

के बीच की न्यूनतम दूरी

$$d = \left|\frac{(\vec{a_2}-\vec{a_1}).(\vec{b_1}\times\vec{b_2})}{|\vec{b_1}\times\vec{b_2}|}\right|$$

अब $\vec{a_2}-\vec{a_1} = (4\hat{i}+5\hat{j}+6\hat{k})-(\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k})$

$$= 3\hat{i}+3\hat{j}+3\hat{k}$$

और $\vec{b_1}\times\vec{b_2} = (\hat{i}-3\hat{j}+2\hat{k})\times(2\hat{i}+3\hat{j}+\hat{k})$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & -3 & 2 \\ 2 & 3 & 1 \end{vmatrix}$$

$$= \hat{i}(-3-6) - \hat{j}(1-4) + \hat{k}(3+6)$$

$$= -9\hat{i} + 3\hat{j} + 9\hat{k}$$

$$\therefore \quad |\vec{b_1} \times \vec{b_2}| = \sqrt{(-9)^2 + (3)^2 + (9)^2}$$

$$= \sqrt{81+9+81}$$

$$= 3\sqrt{9+1+9} = 3\sqrt{19}$$

$$\therefore \quad d = \left| \frac{(3\hat{i}+3\hat{j}+3\hat{k}).(-9\hat{i}+3\hat{j}+9\hat{k})}{3\sqrt{19}} \right|$$

$$= \left| \frac{3\times(-9) + 3\times(3) + 3\times 9}{3\sqrt{19}} \right|$$

$$= \left| \frac{-27+9+27}{3\sqrt{19}} \right| = \frac{9}{3\sqrt{19}}$$

$$\therefore \quad d = \frac{3}{\sqrt{19}}.$$

**प्रश्न 4. रेखाएँ, जिसकी सदिश समीकरण निम्नलिखित हैं, के मध्य की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए**

$$\vec{r} = (1-t)\hat{i} + (t-2)\hat{j} + (3-2t)\hat{k}$$

**और**

$$\vec{r} = (s+1)\hat{i} + (2s-1)\hat{j} - (2s+1)\hat{k}$$

**हल :** रेखा

$$\vec{r} = (1-t)\hat{i} + (t-2)\hat{j} + (3-2t)\hat{k}$$

या $$\vec{r} = \hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k} + t(-\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k})$$

की तुलना $\vec{r} = \vec{a_1} + \lambda \vec{b_1}$ से करने पर,

$$\vec{a_1} = \hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k}, \quad \vec{b_1} = -\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k}$$

और रेखा $$\vec{r} = (s+1)\hat{i} + (2s-1)\hat{j} - (2s+1)\hat{k}$$

या $$\vec{r} = \hat{i} - \hat{j} - \hat{k} + s(\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

की तुलना $\vec{r} = \vec{a_2} + \mu \vec{b_2}$ से करने पर,

$$\vec{a_2} = \hat{i} - \hat{j} - \hat{k}, \quad \vec{b_2} = \hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k}$$

$\therefore$ $\vec{r} = \vec{a_1} + \lambda \vec{b_1}$ और $\vec{r} = \vec{a_2} + \mu \vec{b_2}$

के बीच की न्यूनतम दूरी

$$d = \left| \frac{(\vec{a_2} - \vec{a_1}).(\vec{b_1} \times \vec{b_2})}{|\vec{b_1} \times \vec{b_2}|} \right| \quad \ldots(1)$$

$$\therefore \quad \vec{a_2} - \vec{a_1} = (\hat{i} - \hat{j} - \hat{k}) - (\hat{i} - 2\hat{j} + 3\hat{k})$$
$$= 0 + \hat{j} - 4\hat{k} = \hat{j} - 4\hat{k}$$

और $$\vec{b_1} \times \vec{b_2} = (-\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k}) \times (\hat{i} + 2\hat{j} - 2\hat{k})$$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ -1 & 1 & -2 \\ 1 & 2 & -2 \end{vmatrix}$$

$$= (-2+4)\hat{i} - (2+2)\hat{j} + (-2-1)\hat{k}$$
$$= 2\hat{i} - 4\hat{j} - 3\hat{k}$$

$$\therefore |\vec{b_1} \times \vec{b_2}| = \sqrt{(2)^2 + (-4)^2 + (-3)^2}$$
$$= \sqrt{171} = \sqrt{29}$$

$$\therefore \quad d = \left| \frac{(\hat{j} - 4\hat{k}).(2\hat{i} - 4\hat{j} - 3\hat{k})}{\sqrt{29}} \right|$$

$$= \left| \frac{-4+12}{\sqrt{29}} \right| = \frac{8}{\sqrt{29}}.$$

**प्रश्न 5. निम्न रेखाओं के मध्य लघुत्तम दूरी ज्ञात कीजिए**

$$\frac{x-1}{2} = \frac{y+1}{3} = z \text{ और } \frac{x+1}{3} = \frac{y-2}{1}, z = 2$$

**तथा लघुतम दूरी वाली रेखा का समीकरण भी ज्ञात कीजिए।**

**हल :**

$$\frac{x-1}{2} = \frac{y+1}{3} = \frac{3-0}{1} = r_1 \text{ (माना)} \quad \ldots(1)$$

तथा
$$\frac{x+1}{3} = \frac{y-2}{1} = \frac{z-2}{0} = r_2 \text{ (माना)} \quad \ldots(2)$$

अतः रेखा (1) पर कोई बिंदु $P(2r_1 + 1, 3r_1 - 1, r_1)$ तथा
रेखा (2) पर कोई बिंदु $Q(3r_2 - 1, r_2 + 2, r_2 + 2)$
तब रेखा PQ के दिक्-अनुपात
$= 3r_2 - 2r_1 - 2, r_2 - 3r_1 + 3, 2 - r_1$
PQ रेखा (1) के लम्बवत् हैं, इसलिए
$a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$
$2(3r_2 - 2r_1 - 2) + 3(r_2 - 3r_1 + 3) + 1(2 - r_1) = 0$
$9r_2 - 14r_1 = 7$ ...(3)
PQ रेखा (2) के लम्बवत् है।।
इसलिए $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$
$3(3r_2 - 2r_1 - 2) + 1(r_2 - 3r_1 + 3) + 0(2 - r_1) = 0$
$10r_2 - 9r_1 - 3 = 0$
समी. (3) व (4) को हल करने पर

$$r_1 = \frac{97}{59}, \; r_2 = \frac{105}{59}$$

$r_1$ व $r_2$ के ये मान बिन्दु P व Q में रखने पर

$$P\left(\frac{253}{59}, \frac{232}{59}, \frac{97}{59}\right)$$

$$Q\left(\frac{256}{59}, \frac{223}{59}, 2\right)$$

